<u>महत्वपूर्ण / गोरक्षा</u>
<u>संख्या–2078 / सैंतीस–2–2022–5(53) / 2018टी0सी0–7</u>

प्रेषक,
अपर मुख्य सचिव,
पशुधन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,
1. समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।
2. निदेशक,
प्रशासन एवं विकास,पशुपालन विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

पशुधन अनुभाग–2 दिनांकः अक्टूबर, 2022

विषयः निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल से संबन्धित, विभिन्न कार्यकलापों का आनलाईन डाटा फीड़िग, गोआश्रय पोर्टल मोबाईल एप तथा धनराशि हस्तानान्तरण पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से कराये जाने के संबंध में

महोदय,

आप अवगत है कि गौसंरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। इस हेतु वर्ष 2019 में प्रख्यापित नीति के माध्यम से प्रदेश में 6384 गो–आश्रय स्थल स्थापित कर लगभग 9 लाख गोवंश को संरक्षित किया गया है, जिनमें से 1.47 लाख गोवंश मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत सुपुर्दगी में दिये गये है। गो–आश्रय स्थलों पर किये जा रहे समस्त कार्यो के आन लाइन फीडिंग द्वारा योजना के सघन अनुश्रवण मूल्यांकन एवं प्रगति की अद्यावधिक जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु गो–आश्रय पोर्टल (**https://up.goashray.in**) एवं मोबाईल एप विकसित किया गया है। उक्त पोर्टल के डैशबोर्ड पर गो–आश्रय स्थलों का विवरण, संरक्षित गोवंश, फण्ड–फ्लो आदि की समेकित सूचना / प्रगति का अंश पब्लिक डोमेन में भी देखा जा सकता है। नोडल अधिकारियों द्वारा गो–आश्रय स्थल के निरीक्षण के समय पायी गयी कमियों एवं सुझाव को उक्त गो–आश्रय पोटर्ल के साथ–साथ मोबाईल एप के माध्यम से आन–लाइन फीडिंग की सुविधा प्रदान की गयी है। मोबाईल एप के आफ–लाइन होने की स्थिति में इन्टरनेट एरिया प्राप्त होने पर डाटा को Sync किया जा सकेगा।

2– गो–आश्रय पोर्टल के अतिरिक्त मोबाईल एप से गोआश्रय स्थलों से संबंधित डाटा इन्ट्री किये जाने हेतु पशुपालन विभाग द्वारा ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय स्तर पर लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड प्रदान किया गया है। (Goashray Management) **मोबाइल एप** गूगलप्ले स्टोर से सेल फोन पर डाउनलोड किया जा सकता है। गोआश्रय पोर्टल के माध्यम से गोआश्रय से संबंधित समस्त जानकारी समेकित रूप से एक स्थल पर उपलब्ध रहेंगी, जिसके माध्यम से गोआश्रय पोर्टल में लॉगिन कर गोआश्रय स्थल का नाम, गौशाला का प्रकार, केयर टेकर का नाम, मोबाईल नंम्बर, बैंक खाता संख्या, खाताधारक का नाम,गोवंश की संख्या,

गोचर भूमि, उपलब्ध भण्डार, टीकाकरण, टैंगिग एवं उत्पाद आदि से संबंधित इन्ट्री की जा सकेंगी।

3– गोआश्रय स्थलो के संचालन की प्रत्येक स्तर यथा–शासन, निदेशालय, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, ब्लाक एवं मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी स्तर पर अध्यावधिक जानकारी प्राप्त होगी, त्वरित जानकारी हेतु डैश बोर्ड पर समेकित सूचना उपलब्ध रहेगी एवं सुगम फण्ड–फ्लो भी सुनिश्चित हो सकेगा।

4– निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों / मा0 मुख्यमंत्री निरश्रित / बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना का वित्तीय प्रबंधन SNA एवं PFMS के माध्यम से किये जाने हेतु शासनादेश सं0–1038 / सैतींस–2–2022–5(53) / 2018 टी0सी0–1 निर्गत किया गया है, जिसके अनुसार निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं भरण–पोषण तथा मा0 मुख्यमंत्री निराश्रित / बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के संचालन हेतु "उ0प्र0 गोवंश संरक्षण" के नाम से सिंगल नोडल एजेंसी (SNA) का एकल खाता निदेशालय स्तर पर आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक में खोला गया है एवं निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों का वित्तीय प्रबंधन PFMS के माध्यम से किये जाने के लिए निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

5– जिलाधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक जनपद में आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक में जीरों बैलेन्स एकाण्ट खोलकर PFMS के माध्यम से फण्ड ट्रांसफर की पारदर्शी व्यवस्था को लागू हो गयी है तथा जनपद स्तर पर उक्त खातों का संचालन मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जा रहा है।

6– प्रदेश के 71 जनपदों में आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक में जीरो बैलेंस खाता खोला जा चुका है। परन्तु जनपद देवरिया, गोण्डा, बहराइच एवं हापुड़ में खाता खोलना अद्यतन लम्बित है जिसे अविलम्ब सुनिश्चित करा लिया जाय।

7– गोआश्रय पोर्टल में गोआश्रय डैशबोर्ड, गो आश्रय प्रबन्धन, गोचर भूमि प्रबन्धन, गोवंश प्रबन्धन, भण्डार सूची, खपत / चेकआउट, गोआश्रय शॉप इन्वेंट्री, गोआश्रय शॉप सेल्स, निधि अनुरोध एवं व्यय नाम से 10 खंड है, जिनके अन्दर विस्तृत सूचना फीडिंग किया जाना है एवं समय–समय पर अद्यावधिक किया जाना है। गो–आश्रय पोर्टल के उपयोग हेतु उपयोगकर्ता पुस्तिका (संलग्नक–1) की प्रति एवं पोर्टल तथा मोबाईल एप पर डाटा फीडिंग का प्रारूप संलग्न है (संलग्नक–2) जिसमें गो–आश्रय बेवसाइट के उपयोग हेतु प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी है।

8– पशुपालन निदेशालय स्तर पर CPMU का गठन किया गया है। उक्त यूनिट के प्रभारी श्री अरविन्द कुमार सिंह, अपर निदेशक (गोधन) पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ का टेलीफोन नं0–7905466200 एवं CPMU का ई–मेल आई0डी0–upgoashray2022@gmail.com है। जिले स्तर पर विकास खण्ड में PMU (प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट) जिलाधिकारियों द्वारा खोली जाय जिससे सघन मॉनीटरिंग हो सके।

9– शासनादेश सं0–1373 / सैंतीस–2–2022–5(53) / 2018 टी0सी0–1 दिनांक 29.07.2022 संलग्नक–3 द्वारा गोआश्रय स्थलो पर फण्ड–फ्लो को सुगम बनाने, त्वरित मॉग प्रस्तुत करने एवं सत्यापन की सरलीकृत व्यवस्था की गयी है जिसका सम्यक अनुपालन कर लिया जाए।

10— अतः गोआश्रय पोर्टल पर कार्य करने हेतु उपयोगकर्ता पुस्तिका तथा गोआश्रय स्थलों के प्रभारियों द्वारा इन्ट्री किये जाने वाले Data का विवरण संलग्नकर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया गोआश्रय पोर्टल को जनपद स्तर पर क्रियाशील कराने एवं पोर्टल पर गो—आश्रय स्थलों से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं समयबद्ध रूप से अपलोड कराने का कष्ट करें।

संलग्नक—यथोक्त।

1. उपयोगकर्ता पुस्तिका
2. डाटा फीडिंग संबंधी निर्देश
3. शासनादेश दिनांक 29.07.2022

Signed by डा0 रजनीश दुबे
Date: 13-10-2022 13:55:20
Reason: Approved

(डा0 रजनीश दुबे)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या— 2078(1)/सैंतीस—2—2022 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. विशेष कार्याधिकारी, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
3. समस्त मण्डलायुक्त उत्तर प्रदेश।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(देवेन्द कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव।

संख्या–2078 / सैंतीस–2–2022–5(53) / 2018टी0सी0–7 का संलग्नक–2

गोआश्रय पोर्टल एवं मोबाईल एप पर डाटा फीड़िग के संबन्ध में:–

| मुख्य डेटा | द्वारा भरा गया डेटा | के द्वारा अनुमोदित |
|---|---|---|
| गोश्रेय की जानकारी | ग्राम पंचायत | बी.डी.ओ |
| गोचर भूमि की जानकारी | ग्राम पंचायत | बी.डी.ओ |
| निरीक्षण | संबन्धित अधिकारी जिनके द्वारा निरीक्षण किया गया | |
| **गोवंश प्रबंधन** | | |
| अपडेट गोवंश टैग नम्बर | पशु चिकित्सा अधिकारी | |
| गोवंश का प्रबंधन करें | ग्राम पंचायत | |
| सहभागिता योजना | बी.डी.ओ | |
| | | |
| **सूची प्रबंधन** | | |
| सूची जोडें | ग्राम पंचायत | |
| खपत / चेकआउट | ग्राम पंचायत | |
| गोआश्रय शॉप इन्वेंटरी | ग्राम पंचायत | |
| गोआश्रय से उत्पादों की बिक्री | ग्राम पंचायत | |
| | | |
| **गोवंश केयर** | | |
| गोवंश उपचार | पशु चिकित्सा अधिकारी | |
| गोवंश टीकाकरण | पशु चिकित्सा अधिकारी | |
| बधियाकरण | पशु चिकित्सा अधिकारी | |
| कृत्रिम गर्भाधान | पशु चिकित्सा अधिकारी | |
| काफ बार्न | पशु चिकित्सा अधिकारी | |
| | | |
| **निधि प्रबंधन** | | |
| फंड अनुरोध | ग्राम पंचायत | मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |
| फंड रिलीज | | मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |
| व्यय | ग्राम पंचायत | |
| सहभागिता योजना फंड रिलीज | | मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |
| सहभागी फंड रिलीज | | मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी |